अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के मामले में होगी सख्त कार्रवाई, वेंडिंग जोन और मार्केट डेवलपमेंट को लेकर आयुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश, निगम आयुक्त रोहित व्यास ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

भिलाई नगर/ निगमायुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली उन्होंने कहा कि अनाधिकृत विकास व निर्माण को नियमितीकरण में दायरे में लाने के लिए सख्त कार्यवाही करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी , उन्होंने इसके लिए कड़े निर्देश सभी जोन आयुक्त को दिए है। इसके अलावा निगम आयुक्त ने मार्केट डेवलपमेंट को लेकर चर्चा की तथा मार्केट क्षेत्र में आदर्श मार्केट बनाने के लिए व्यापारियों के साथ मिलकर निगम के द्वारा चलाया जा रहे अभियान के बारे में समीक्षा की। सभी जोन क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर ठेले, गुमटी को सुव्यवस्थित करने के लिए वेंडिंग जोन बनाने की तैयारियों को लेकर उन्होंने गहन जानकारी ली और कार्यों को शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। बैठक में गोधन न्याय योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की गतिविधियों की जानकारी ली गई तथा वृहद सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। ऐतिहासिक धरोहर वाले स्थानों के लिए भी विशेष कार्य योजना तैयार की जाएगी। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए मार्केट क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाने के निर्देश आयुक्त ने बैठक में दिए। इसके अलावा समय-सीमा की बैठक में प्राप्त होने वाले आवेदन की विस्तार से समीक्षा आयुक्त ने की और अधिकारियों को शीघ्रता से समस्याओं के निदान के निर्देश दिए। आज की बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त रमाकांत साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह , लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर , जोन आयुक्त राजेंद्र नायक , येशा लहरे, पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा एवं खिरोद्र भोई तथा कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।